Dainik Jagran

Date: 2-10-15

Page No. II (G2B)

निशुल्क जबड़ों का किया वितरण

संवाद सहयोगी, मुरादनगर : विश्व वृद्धजन दिवस के मौके पर एनएच-58 स्थित आइटीएस डेन्टल कॉलेज में बृहस्पतिवार को प्रोथोडोन्टिक्स विभाग द्वारा कृत्रिम दंत शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान 100 मरीजों को निशुल्क जबड़े लगाए गए।

शिविर का शुभारंभ आइटीएस एजुकेशन ग्रुप के चैयरमेन डा. आरपी चड्ढा ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर आरपी चड्ढा ने कहा कि वृद्धों के प्रति सम्मान और समर्पण का भाव व्यक्ति को विकास की तरफ ले जाता है। जब तक हम अपने माता पिता और वृद्धों के सम्मान के प्रति जागरूक नही होगें तब तक समाज तरक्की नही कर सकता। डायरेक्टर जनरल डा. हरीप्रकाश, डायरेक्टर डा. विनोद सचदेवा, प्रधानाचार्य डा. देवीचरण शेट्ठी एवं प्रोथोडोन्टिक्स विभाग के अध्यक्ष डा. एसके अग्रवाल की देखरेख में दंत विशेषज्ञों ने सैकड़ों लोगों की जांच कर 100 लोगों को कृत्रिम जबड़े लगाए।